06/11/2024

आकाशवाणी ईटानगर

सरकार ने मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी दे दी है। कैबिनेट बैठक में लिए गए निर्णय के बारे में आज नई दिल्ली में मीडिया को जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि छात्र उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए बिना किसी जमानत के ऋण प्राप्त करने के पात्र होंगे। उन्होंने कहा कि यह योजना इसलिए शुरू की गई है ताकि वित्तीय बाधाओं के कारण भारत का कोई भी युवा गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्राप्त करने से न रोके।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज नाहरलगुन स्थित राज्य के एकल कॉलेज तोमो रिबा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विज्ञान (TRIHMS) के दो हजार चौबीस-पच्चीस बैच के छात्र प्रवेश समारोह में शिरकत की। एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये श्री खांडू ने कहा कि प्रदेश में स्वस्थ सेवा को बढ़ाने के मिशन में दो हजार चौबीस - पच्चीस के बैच में 100 एमबीबीएस छात्रों के इंदक्शन ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होगा। वर्ष दो हजार अट्ठारह में पचास एम बी बीएस छात्रों के साथ शुरु होकर दो हजार चौबीस में सौ एम बीबी एस छात्रों का प्रवेश लेना एक महत्वपूर्ण विकास है यह दर्शाता है कि अरुणाचली छात्रों को मेडिकल कैयियर बनाने के लिए अधिक अवसर प्रदान किया गया है। श्री खांडू ने प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा के बेहतर भविष्य की आशा व्यक्त किया, जिसमें TRIHMS के स्पेसिलाईस्ड और सुपर स्पेसिलाईस्ड क्षेत्र में विस्तार की आशा भी जताई।

इसके अतिरिक्त, उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप मोड के तहत नामसाई और पासीघाट और संभवत वेस्ट कामेंग में भी नए मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की योजना के बारे में बताया।

0000000000000000000000

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य रिनचिन लाह्मो आधिकारिक तौर पर अरुणाचल प्रदेश के दौरे पर है। श्री लाह्मो ने कल मुख्यमंत्री पेमा खांडू के साथ मुलाकात की। सोशल मिडिया पोस्ट के जरिए श्री खांडू ने कहा कि मुलाकात के दौरान राज्य के अल्संख्यक मामलों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया जिसमें अल्पसंख्यक समुदायों के कल्याण और विकास के प्रचार - प्रसार के लिए पहल, सरकारी योजनाओं तक पहुंचने में आने वाली कठिनाइयों और अल्पसंख्यको के सामाजिक और शैक्षणिक स्तर को बढ़ाने की रणनिती जैसे अहम विषय शामिल थे। इस अवसर पर श्री खांडू ने राज्य के विविध समुदायों के ईज ऑफ लिविंग को ओर बेहतर बनाने के लिए राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के साथ मिलकर हर चुनौतियों से निपटने की टीम अरुणाचल की प्रतिबद्धता को दोहराया।

0000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने कल लोहित जिला स्थित परशुराकुंड के तट विकास स्थल का निरीक्षण करते हुए गेस्ट हाऊस, तीर्थयात्रियों के लिए लॉज और कुंड के अन्य मौजूदा संरक्षण जैसे विभिन्न मूलढांचा परियोजनाओं का जायजा लिया। अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि चल रहा विकास परशुराम कुंड को भारत के सबसे बड़े तीर्थस्थान क्षेत्र में से एक में तब्दिल करने के व्यापक लक्ष्य का हिस्सा है।

परशुरामकुंड के तट पर स्थायी बुनियादी संरचना के विकास की जरुरत पर बल देते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि डोनर मंत्रालय द्वारा तटीय विकासात्मक परियोजना के लिए आवंटित किए पचास करोड़ रुपए की धनराशि के अतिरिक्त राज्य सरकार भी पचास करोड़ रुपए की धनराशि आवंटित करेंगी।

0000000000000000000

स्वच्छ सियांग मिशन के हिस्से के रुप में सियांग जिले के बारह मॉडल स्वच्छ गांवों से एशिया के सबसे स्वच्छ गांव मेघालय स्थित माउलिन्नोंग तक स्वच्छता टूर के लिए एक एक्सपोजर टूर आयोजित किया गया। प्रतिभागियों को प्रत्यक्ष ज्ञान और टिकाऊ प्रथाओं की अंतर्दृष्टि प्रदान करना इस दौरे का लक्ष्य है जिसने माउलिन्नोंग को स्वच्छता और समुदाय - संचालित मॉडल बनाया है। यह एक्सपोजर टूर स्वच्छता और साफ सफाई के महत्व पर जागरुकता फैलाने के साथ-साथ स्वच्छता कप्तानों को ज्ञान प्रदान करना है ताकि वे इस पद्धति को अपने-अपने गांव में लागू करे। कार्यक्रम को सियांग जिला उपायुक्त पी एन थुगंन और जेट पी सी ओसी पाबीन ने हरी झंडी दिखाई।

00000000000000000000

तेजपुर स्थित भारतीय सेना के गजराज कोर्प्स ने आज ऑपरेशन सद्भावना के तहत राष्ट्रीय एकता यात्रा का शुभारंभ किया। इस मुहिम के तहत अरुणाचल प्रदेश के सैंट जेवियर स्कूल पालीजी के बीस प्रतिभाशाली छात्रों और दो शिक्षक इस्कोर्ट को यह अवसर मिला।

दिल्ली से होते हुए चंडीगढ़ तक के इस दस दिवसीय यात्रा का उद्देश्य अरुणाचल प्रदेश के युवाओं को तेजी से विकसित हो रहे विकसित भारत गतिशील भावना से अवगत कराते हुए उनके नजरिए को प्रेरित और विस्तार करना है। इस यात्रा में प्रतिभाग़ियों को भारत के स्मारकीय विरासत और प्रगतिशिल प्रत्यक्ष उपलब्धियों से रुबरु होने का मौका प्रदान किया जा रहा है। इस टुर को असम स्थित मिशामारी मिलिट्री स्टेशन से अधिकारिक तौर पर हरी झंडी दिखाई गई।

0000000000000000000

नीति आयोग ने जल प्रबंधन, संरक्षण और स्थिरता के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता पैदा करने के लिए आज से पंद्रह दिवसीय ‘जल उत्सव’ की शुरुआत की है। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण पर आधारित है, जिन्होंने पिछले साल दिसंबर में आयोजित तीसरे मुख्य सचिवों के सम्मेलन के दौरान ‘नदी उत्सव’ की तर्ज पर ‘जल उत्सव’ का विचार रखा था। जल उत्सव आज से चौबीस नवंबर तक बीस आकांक्षी जिलों और ब्लॉकों में लागू किया जा रहा है।

0000000000000000000